कोटद्वार, शनिवार
17 अगस्त 2024
वर्षः 46
अंकः 111 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


## एक नजर

### रेस्टोरेंट के वॉशरूम में लगाया कैमरा, महिलाओं के अश्लील वीडियो बनाए

देहरादून। चकराता रोड स्थित आनंदम रेस्टोरेंट के वॉशरूम में मोबाइल छिपाकर महिलाओं का अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर गुरुवार रात रेस्टोरेंट में महिलाओं और उनके परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस ने आरोपी सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके और रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। कैंट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद्र भट्ट ने बताया कि गुरुवार रात एक महिला परिवार के साथ आनंदम रेस्टोरेंट गई थी। इस दौरान वो वॉशरूम में गई, तो उसे फॉल्स सीलिंग के अंदर कैमरा लगा होने का शक हुआ। महिला ने रेस्टोरेंट में बैठी अन्य महिलाओं को भी वॉशरूम में बुलाया। यहां फॉल्स सीलिंग के अंदर से मोबाइल में रिकार्डिंग होती पाई गई। इसपर महिलाओं ने बाहर आकर हंगामा शुरू कर दिया। महिलाओं ने इसकी जानकारी रेस्टोरेंट संचालक को दी। महिलाएं जब दोबारा वॉशरूम में पहुंची तो मोबाइल गायब मिला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं और रेस्टोरेंट स्टॉफ से पूछताछ की। इस बीच हाउस कीपिंग के एक कर्मचारी की बातों पर संदेह हुआ तो पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। भट्ट ने बताया कि सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने वॉशरूम में मोबाइल छिपाकर रिकॉर्डिंग करने की बात कबूल की। उसने बताया कि हंगामा होने पर उसने मोबाइल से रिकार्डिंग डिलीट कर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रेस्टोरेंट संचालक और आरोपी विनोद मंडल निवासी चरककुटीर मनिहारी धनबाद झारखंड के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, गर्भवती हुई

हरिद्वार। फैक्ट्री में काम करने वाले युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती ने गर्भवती होने पर शादी का दबाव बनाया तो उसने साफ मना कर मारपीट की। रानीपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर रानीपुर विजय सिंह के मुताबिक, कोतवाली क्षेत्र निवासी युवती ने दीपक निवासी बरेली हाल पता रामनगर, हरिद्वार के खिलाफ तहरीर दी। बताया कि एक कंपनी में नौकरी कर रहा दीपक उसके कार्यालय में माल सप्लाई के लिए आता जाता रहता था। मई में उससे मुलाकात हो गई। इसके बाद उसने दोस्ती कर बातचीच शुरू कर दी। बताया कि वह हरकी पैड़ी घुमाने के बाद अपने फ्लैट रामनगर में ले आया। आरोप है कि नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोशी की हालत में दुष्कर्म किया।

### महिला की मौत

देहरादून। मॉर्निंग वॉक पर गई एक महिला की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। शुक्रवार सुबह थानो रोड जंगलात वैरियर के समीप हादसा हुआ। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि 63 वर्षीय निर्मला देवी पत्नी बलदेव सिंह निवासी भोपालपानी रायपुर सुबह बेटे के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली थीं। इस दौरान रायपुर की ओर जा रहे एक वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला छिटककर सड़क पर गिर गई। बेटे से इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से महिला को रायपुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला के बेटे ने पुलिस को बताया कि वो सोडा सरोली से बड़ासी की तरफ मॉर्निंग वॉक पर जा रहे थे। जंगलात बैरियर के पास पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मारी।

### जेल में ही 56वां जन्मदिन मनाएंगे दिल्ली के सीएम केजरीवाल


नई दिल्ली , दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को 56 साल के हो गए। वह इस समय आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद हैं।

**बनना चाहते थे डॉक्टर बन गए इंजीनियर**

अरविंद केजरीवाल की शुरू से इच्छा थी की वह पढ़–लिखकर डॉक्टर बने और लोगों की सेवा करे। अरविंद केजरीवाल ने आईआईटी और आईआरएस एग्जाम में पहले ही प्रयास में सफलता पाई थी। 1995 में अरविंद ने 1993 बैच की आईआरएस अधिकारी सुनीता से शादी की। दोनों के एक बेटा और एक बेटी है।

भारत में फिर कोरोना पसार रहा पांव

# 28 दिन में 908 नए केस आए सामने, इतने मरीजों की हुई मौत



नई दिल्ली , विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस साल 24 जून से 21 जुलाई के बीच भारत में कोविड–19 के 908 नए मामले सामने आए और दो मरीजों की इस बीमारी से मौत हो गई। डब्ल्यूएचओ के नवीनतम कोविड महामारी विज्ञान अपडेट से पता चला है कि 24 जून से 21 जुलाई के बीच, 85 देशों में हर सप्ताह कोरोना वायरस–2 के लिए औसतन 17,358 नमूनों का परीक्षण किया गया।इस दौरान पिछले 28 दिन (27 मई से 23 जून) की तुलना में दुनिया भर में नए मामलों में 30 प्रतिशत और मौतों में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 96 देशों में 1,86,000 से अधिक नए मामले सामने आए और 35 देशों में 2,800 से अधिक मौतें हुईं। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में कहा गया कि महामारी की शुरुआत से लेकर 21 जुलाई तक दुनिया भर में 77.5 करोड़ से अधिक मामलों की पुष्टि हुई है और 70 लाख से अधिक मरीजों की मौत हो चुकी है। कोविड के कारण सबसे अधिक अस्पताल में भर्ती होने और आईसीयू में भर्ती होने की सूचना अमेरिका और यूरोपीय क्षेत्र के देशों से मिली है। दक्षिण–पूर्व एशिया क्षेत्र की बात करें तो थाईलैंड (6,704 नए मामले और 35 मौतें) में संक्रमण का असर सबसे ज्यादा है। उसके बाद भारत (908 नए मामले और दो मौतें) और बांग्लादेश (372 नए मामले और एक मौत) का स्थान रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर जेएन.1 के मामले सबसे अधिक आए हैं। इस वेरिएंट के मामले 135 देशों में पाए गए हैं। सार्स कोव–2 के वेरिएंट केपी.3.1.1 और एलबी.1, जो कि जेएन.1 के वंशज हैं, वैश्विक स्तर पर उनके मामले बढ़ रहे हैं। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड के अनुसार, भारत के कई राज्यों में कोविड के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, महाराष्ट्र, मेघालय, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में पांच प्रतिशत से ज्यादा की पॉजिटिविटी रेट देखी जा रही है।

### उत्तराखंड में 24 घंटे कार्य बहिष्कार पर रहेंगे डॉक्टर

देहरादून। कोलकाता में महिला डॉक्टर की रेप के बाद हुई हत्या पर प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ उत्तराखंड ने नाराजगी जताई है। हत्या के विरोध में शनिवार को उत्तराखंड में डॉक्टर 24 घंटे के कार्य बहिष्कार पर रहेंगे। आपातकालीन सेवाएं, पोस्ट मार्टम और वीआईपी ड्यूटी को छोड़ कर बाकि सभी कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। ओपीडी और इलेक्टिव सर्जरी नहीं की जाएगी। प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के अध्यक्ष डा. मनोज वर्मा और महासचिव डा. रमेश कुंवर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिख कर इस मामले में प्रधानमंत्री स्तर से हस्तक्षेप की मांग की। कहा कि कोलकाता में मेडिकल कालेज के भीतर महिला डॉक्टर से सामूहिक बलात्कार कर निर्मम हत्या कर दी गई। हत्यारों के खिलाफ जब डॉक्टर्स ने शांतिपूर्ण विरोध जताया। तो डॉक्टर्स पर अस्पताल के भीतर ही भीड़ की ओर से हमला कर दिया जाता है। पूरे अस्पताल में तोड़फोड़ की जा रही है। प्रदेश की राजधानी में इस अराजकता पूरी तरह बंगाल सरकार की विफलता है।

# मामूली विवाद में बड़े भाई का गला काटा, आत्महत्या की सुनाई कहानी

विकासनगर।उत्तराखंड के विकासनगर जिले के कालसी ब्लॉक के भराया गांव में मामूली विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या कर दी। छोटे भाई ने समय बड़े भाई का गला रेत दिया। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए कहा कि लूदर प्रकाश ने ही मामूली विवाद के बाद बड़े भाई हृदय प्रकाश की रात को सोते समय चापड़ से गला रेतकर हत्या कर दी थी। बाद में आरोपी ने परिजनों और पुलिस के सामने हृदय प्रकाश के आत्महत्या करने की कहानी गढ़ी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हत्या में प्रयुक्त चापड़, चादर और वारदात के समय आरोपी के पहने खून से सने कपड़े भी बरामद किए गए।

मालूम हो कि बीती नौ अगस्त की रात को कोतवाली विकासनगर से थानाध्यक्ष कालसी को सूचना मिली थी कि लेहमन अस्पताल हरबर्टपुर में एक व्यक्ति को संदिग्ध हालात में उपचार के लिए पहुंचाया गया, जिसकी मौत हो गई। सूचना पर



थानाध्यक्ष कालसी भुवन पुजारा मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान हृदय प्रकाश पुत्र स्व. संतराम निवासी भराया धनपोऊ खत लखवाड़ के रूप में हुई थी। मृतक के शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिले। परिजनों ने बताया कि हृदय प्रकाश ने कमरे में कुंडी लगाकर खुद का गला काटकर आत्महत्या की। एसएसपी अजय सिंह ने कहा कि मौत संदिग्ध प्रतीत होने पर अगले दिन सुबह थानाध्यक्ष फॉरेंसिक टीम के साथ भराया पहुंचे। कमरे को घटना के बाद धोने की बात पता चली। संदेह के चलते फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। ग्यारह अगस्त को मृतक के पुत्र दिनेश प्रकाश ने पिता की हत्या का मुकदमा कराया। परिजनों के बयानों से घटना के दिन घर पर मृतक के छोटे भाई लूदर प्रकाश के मौजूद होने की बात सामने आई। मंगलवार को मृतक के भाई लूदर प्रकाश को पूछताछ के लिए थाना कालसी बुलाया गया। पूछताछ करने पर वह इधर–उधर की बातें करना लगा। सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने हत्या करने की बात कबूली। हृदयप्रकाश की हत्या मामले को लूदर प्रकाश के साथ ही घर के अन्य सदस्य भी दबाने के चक्कर में थे। कोई भी स्पष्ट रूप से कहने को तैयार नहीं हो रहा था। मृतक के बेटे ने भी जो तहरीर दी थी, उसमें भी उसने चाचा पर शक जाहिर नहीं किया था। लूदर प्रकाश ने भी हत्या को आत्महत्या साबित करने की कोशिश की।

# बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए हरिद्वार में सड़क पर उतरे साधु–संत

- कहा अगर जल्द ये घटनाएं नहीं रुकीं तो वे पड़ोसी देश के लिए कूच करेंगे

हरिद्वार। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ संत समाज हरिद्वार में शुक्रवार को यहां सड़कों पर उतर आया। संतों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ये घटनाएं नहीं रुकीं तो वे पड़ोसी देश के लिए कूच करेंगे। हरिद्वार में ह्यआक्रोश रैलीह्ल निकालकर संतों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, हत्या की घटनाएं, मंदिरों में आगजनी तथा तोड़फोड़ की घटनाओं की निंदा की। इसके साथ ही वहां की सरकार से इसे तुरंत रोकने की अपील की। रैली में बड़ी संख्या में साधू–संत मौजूद थे।

संतों ने चेतावनी दी कि आज तो वे सब सड़कों पर उतरे हैं और अगर हिंदुओं पर अत्याचार जल्द नहीं रुके तो बांग्लादेश के लिए भी कूच कर सकते




हैं। रैली से पहले संतों ने बांग्लादेश में हिंसा में मारे गए हिंदुओं को हरकी पौड़ी पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले भी संत केंद्र सरकार के साथ–साथ संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने तथा सर्वसम्मति से एक निंदा प्रस्ताव पारित करने का आग्रह कर चुके हैं। शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट होने के बाद हिंदुओं के खिलाफ हिंसा बढ़ी।

### इसरो ने की एसएसएलवी–डी3 रॉकेट की सफल लॉन्चिंग, देश को मिला नया ऑपरेशनल रॉकेट

नई दिल्ली , इसरो को 16 अगस्त की सुबह 9:17 बजे ऐतिहासिक सफलता मिली है। धरती की निगरानी के लिए ईओएस–8 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शुक्रवार सुबह सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया । इस रॉकेट के अंदर नया अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट ईओएस–8 लॉन्च किया गया है। एक छोटा सैटेलाइट एसआर–0 डीमोसट भी पैसेंजर सैटेलाइट भी रॉकेट से साथ भेजा गया है। दोनों सैटेलाइट्स धरती से 475 किमी की ऊंचाई पर एक गोलाकार ऑर्बिट में चक्कर लगाएंगे।

**ईओएस–08 में लगे हैं तीन पेलोड**

एसएसएलवी–डी3–ईओएस–08 मिशन में ले जाए गए उपग्रहों का वजन 175.5 किलोग्राम है। ईओएस–08 मिशन के उद्देश्यों में माइक्रोसेटेलाइट को डिजाइन और विकसित करना शामिल है। ईओएस–08 में तीन पेलोड लगे हैं।इनमें इलेक्ट्रो आप्टिकल इन्फ्रारेड पेलोड (ईओआइआर), ग्लोबल नेविगेशन सेटेलाइट सिस्टम–रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड (जीएनएसएस–आर) और सीआइसी यूवी डोसीमीटर शामिल हैं। ईओआइआर पेलोड को उपग्रह आधारित निगरानी, आपदा निगरानी, पर्यावरण निगरानी के लिए तस्वीरें खींचने के लिए डिजाइन किया गया है। जीएनएसएस–आर समुद्र की सतह की हवा का विश्लेषण, मिट्टी की नमी का आकलन, बाढ़ का पता लगाने के लिए रिमोट सेंसिंग क्षमता प्रदर्शित करेगा। एसआइसी यूवी डोसीमीटर गगनयान मिशन में पराबैंगनी विकिरण की निगरानी करेगा। एसआइसी यूवी डोसीमीटर गगनयान मिशन में पराबैंगनी विकिरण की निगरानी करेगा।

# सीएम धामी ने 236 सहायक अध्यापकों को दिये नियुक्ति पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को शिक्षा निदेशालय ननूरखेड़ा में प्रारंभिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत चयनित 236 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। प्रारंभिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्रथम चरण की काउंसलिंग में 473 सहायक अध्यापकों का चयन किया गया है, शेष अभ्यर्थियों को संबंधित जनपदों से नियुक्ति दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। कहा कि खराब स्थिति वाले स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए आवश्यक धनराशि का प्रस्ताव शीघ्र भेजा जाए, इसके लिए जितनी धनराशि की आवश्यकता होगी दी जायेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य का मुख्य सेवक होने के नाते यह उनका सौभाग्य है कि जिन शिक्षकों के



ऊपर राज्य के नौनिहालों के भविष्य का निर्माण करने की बड़ी जिम्मेदारी है, उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक की समाज में अहम भूमिका होती है। बच्चों के भविष्य के निर्माण की जिम्मेदारी उनके कंधों पर होती है। अच्छी शिक्षा से एक बच्चा देश और समाज के लिए अनमोल धरोहर साबित होता है। बेहतर शिक्षा जीवन का सबसे मजबूत आधार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानना भी शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है। बच्चों को उनकी प्रतिभाओं के आधार पर तैयार करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में राज्य सरकार द्वारा 16 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों में सेवायोजित किया गया है। गैर सरकारी क्षेत्रों में भी रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा में 2906 पदों के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया गतिमान है। इसके तहत पहले चरण में 473 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति मिली है। अब स्कूलों में शिक्षकों की संख्या काफी अच्छी हो गई है। जिन स्कूलों में दस से कम छात्र हैं, वहां एक शिक्षक रहेगा, जहां 10 से ज्यादा छात्र हैं वहां दो, जहां 40 से ज्यादा छात्र हैं वहां 3, जहां 70 से ज्यादा छात्र हैं वहां पर 4 एवं जहां 100 से ज्यादा छात्र हैं वहां 5 शिक्षक दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जहां एक शिक्षक है और अगर वह अवकाश पर जाता है तो नजदीकी विद्यालय जहां दो शिक्षक हैं, वहां से एक को उक्त विद्यालय में भेजा जाएगा। यह पूरी व्यवस्था बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा में कक्षा 1 से 12 तक त्रिस्तरीय व्यवस्था बनाई जा रही है।

# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने एसडीजी इण्डेक्स के सम्बन्ध में समीक्षा की

देहरादून। उत्तराखण्ड का एसडीजी इण्डेक्स में प्रथम स्थान बरकरार रखने तथा अपेक्षाकृत कम परफॉरमेंस वाले कुछ इंडिकेटर में सुधार के लिए विशेष कार्य करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने लोअर इंडिकेटर वाले क्षेत्रों से सम्बन्धित विभागों के नोडल सचिव नामित करते हुए 15 दिन में समीक्षा के निर्देश दिए हैं।

जीरो हंगर तथा विशेषरूप से महिलाओं व बच्चों में कुपोषण हटाने के लक्ष्य में सुधार के दृष्टिगत सीएस ने पीडीएस के माध्यम से दालों की आपूर्ति की कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने ऐसे दिव्यांग बच्चे जिनके द्वारा माध्यमिक शिक्षा पूरी नही की जा सकी है, उनकी पूर्ण शिक्षा की व्यवस्था करने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने आंगबाड़ियों में ही दिव्यांग बच्चों की



पहचान करते हुए भविष्य में उनकी सुविधा अनुसार विशेष शिक्षा के प्रबन्ध करने के निर्देश दिए हैं। राज्य में वर्कफोर्स में लैगिंक समानता के लक्ष्य को प्राप्त करने तथा महिलाओं की भागीदारी कार्यबल में बढ़ाने की दिशा में मुख्य सचिव ने उद्यम नीति में आवश्यक सुधार करने की बात कही। महिलाओं व बच्चों में कम बीएमआई व एनिमिया की समस्या के निदान के सम्बन्ध में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इन समस्याओं की प्रमुखता वाले क्षेत्रों की पहचान करते हुए टारगेटेड अप्रोच के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

### इतंजार खत्म : तीन चरणों में होगा जम्मू कश्मीर का चुनाव, हरियाणा में 1 अक्टूबर को वोटिंग

नई दिल्ली ,जम्मू कश्मीर व हरियाणा विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी गई है। जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में चुनाव आयोजित किए जाएंगे। चुनाव का पहला चरण 18 सितंबर को होगा। दूसरा चरण 25 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। तीसरे चरण का मतदान 1 अक्टूबर को होगा और वोटों की गिनती 4 अक्टूबर को की जाएगी। यहां सभी उम्मीदवारों को सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे द्वारा भी की जाएगी। वहीं हरियाणा में 1 अक्टूबर को सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। यहां भी वोटो की गिनती 4 अक्टूबर को होगी। यानी जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा के लिए डाले गए वोटो के नतीजे एक ही दिन 4 अक्टूबर को आएंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि जम्मू कश्मीर में टोटल 87.09 लाख मतदाता हैं। इनमें 42 लाख 62 हजार महिला मतदाता हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 44.46 लाख है। यहां पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं की संख्या 3.71 लाख हैं। जबकि कुल मिलाकर 20.7 लाख युवा मतदाता हैं जिनकी आयु 20 से 29 वर्ष के बीच है। मतदाता सूची बनाने का काम जारी है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव ने बताया कि 19 अगस्त को अमरनाथ यात्रा समाप्त होगी और 20 अगस्त को फाइनल मतदाता सूची तैयार हो जाएगी।

# एलोपैथी पर फिर बरस पड़े बाबा रामदेव कहा , दवा खाकर करोड़ों लोग मर रहे

हरिद्वार। 78 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर योगगुरु बाबा रामदेव ने देश के लोगों को शुभकामनाएं देने के साथ ही एलोपैथी पर जमकर हल्ला बोला। उन्होंने कहा कि देश में ऐलोपैथी की जहरीली दवा खाकर करोड़ों लोग मर रहे हैं। इस तरह उन्होंने ऐलोपैथी का विकल्प भी लोगों को सुझाया। आइए पढ़ते हैं कि बाबा रामदेव ने मीडिया से बात करते समय क्या कहा।

बाबा रामदेव बोले कि इस आजादी के महोत्सव पर हमने ये संकल्प लिया है कि देश में स्वदेशी के अभियान को और मुखर करेंगे। चिकित्सा की स्वाधीनता का देश में बहुत बड़ा सपना बाकी है, क्योंकि ऐलोपैथी की जहरीली दवा खाकर देश में करोड़ों लोगों की मौत हर साल हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि हमने दुनिया का इतिहास पढ़ा है, कैसे ब्रिटिशों ने पूरी दुनिया में अपना राज कायम करने




के लिए दस करोड़ से ज्यादा लोगों का कत्ल किया। ऐसे ही इस्लाम के नाम पर भी करोड़ों लोगों का कत्ल हुआ है। लेनिन, मार्क्स और माओ की क्रांतियों के नाम पर भी कत्ल हुआ। विश्वयुद्धों और अलग–अलग त्रासदियों में करोड़ों– करोड़ों लोग मारे गए हैं। लेकिन आज हर साल करोड़ों निर्दोष लोग जहरीली और सिंथेटिक दवाइयां खाकर मर रहे हैं।

इसलिए चिकित्सा की स्वाधीनता का आंदोलन है, पतंजली वेलनेस योगक्रम निरायमयम। इसको हम और मुखर करेंगे। योगगुरु रामदेव ने देश को आर्थिक, राजनीतिक और सांसकृतिक आजादी के साथ ही चिकित्सा की आजादी दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम देश के लोगों को रोगों से, नशा से और वासना से आजादी दिलाने के लिए काम करेंगें। उन्होंने शिक्षा की आजादी की भी बात कही। इसके लिए उन्होंने कहा कि हम देश में मैकाले की आजादी से लोगों को छुटकारा दिलाना चाहते हैं। उन्होंने पतंजली गुरुकुलम आचार्यकुलम पतंजली विश्वविद्यालय को बढ़ावा देने की बात कही है। इसमें चिकित्सा की शिक्षा दिलाने की भी बात कही है।

# पेरिस ओलंपिक टर्निंग पॉइंट, अब हमारा भविष्य शानदार : पीएम मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक भारतीय खेलों के लिए एक लॉन्च पैड के रूप में काम करेगा और यह हमारा टर्निंग पॉइंट साबित होगा। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर अपने आवास पर भारतीय पेरिस ओलंपिक दल के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। इससे पहले पीएम मोदी ने इन सभी को लाल किले पर हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित किया था और इसके बाद पीएम हाउस में उन्हें होस्ट किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों से बातचीत की और ओलंपिक में उनके अनुभव को जाना।प्रधानमंत्री ने कहा कि पेरिस ओलंपिक देश के लिए महत्वपूर्ण था क्योंकि कई मौके और रिकॉर्ड ऐसे थे, जो भारत के ओलंपिक के इतिहास में पहली



बार बने। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, ओलंपिक के लगभग 125 वर्षों में हमारी मनु दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। नीरज व्यक्तिगत स्पर्धाओं में लगातार दो ओलंपिक में स्वर्ण और रजत दोनों जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। हॉकी में भारत ने 52 वर्षों के बाद लगातार दूसरी बार पदक जीता। अमन ने मात्र 21 वर्ष की उम्र में पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया। अब देश अमन के जीवन के बारे में और अधिक जान रहा है, जो दर्शाता है कि व्यक्तिगत कठिनाइयों के बावजूद भी व्यक्ति अपने सपनों और लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है। चुनौतियां अपनी जगह हैं, लेकिन अमन ने हमें दिखाया है कि क्या संभव है। पीएम मोदी ने विनेश फोगाट का जिक्र करते हुए कहा कि वो फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं जो हमारे लिए भी गर्व की बात है। पीएम नेआगे कहा, सात निशानेबाजी स्पर्धाओं में भारतीय निशानेबाज ओलंपिक इतिहास में पहली बार फाइनल में पहुंचे। तीरंदाजी में धीरज और अंकिता पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले पहले भारतीय बने। हमारे लक्ष्य सेन, आपके मैच ने पूरे देश को ऊर्जा से भर दिया। आप सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए।

### सरकार संविधान की मंशा के हिसाब से सेक्युलरिज्म का करे पालन : मायावती

लखनऊ ,बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि सरकार संविधान की मंशा के हिसाब से सेक्युलरिज्म का पालन करे। बसपा मुखिया मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि पीएम द्वारा कल 15 अगस्त को लाल किले से बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर द्वारा सभी धर्मों का एक–समान सम्मान के धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की संवैधानिक व्यवस्था को ह्लकम्युनलह्ल कहना क्या उचित है? सरकार संविधान की मंशा के हिसाब से सेक्युलरिज्म का पालन करे, यही सच्ची देश भक्ति व राजधर्म है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं बल्कि पीएम द्वारा देश की अपार गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व पिछड़ेपन आदि की ज्वलंत राष्ट्रीय समस्याओं पर इससे प्रभावित करीब सवा सौ करोड़ लोगों में उम्मीद की कोई नई किरण नहीं जगा पाना भी कितना सही है?

# आरजी कर अस्पताल में तोडफोड़ के मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

कोलकाता , कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आपातकालीन विभाग में हुई तोडफ़ोड़ के सिलसिले में पुलिस ने अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस ने बयान जारी कर ये जानकारी दी। पुलिस ने कहा, गिरफ्तार किए गए 19 लोगों में से पांच की पहचान सोशल मीडिया फीडबैक के जरिए की गई।

बयान में पुलिस ने जनता से तोडफ़ोड़ के पीछे अन्य संदिग्धों के बारे में भी पुलिस को अपडेट करने का अनुरोध किया है, जिनकी तस्वीरें कोलकाता पुलिस ने गुरुवार को जारी की थी। पुलिस ने एक बयान में कहा, आरजी कर अस्पताल में तोडफ़ोड़ के मामले में अब तक 19 गिरफ्तारियां हुई हैं। उनमें से पांच की पहचान सोशल मीडिया फीडबैक के जरिए की गई। अगर आप हमारे पिछले पोस्ट में किसी संदिग्ध को पहचानते हैं, तो कृपया हमें सूचित करें। आपके समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद। बयान के साथ ही पुलिस ने सोशल मीडिया से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर गिरफ्तार किए गए पांच लोगों की तस्वीरें भी जारी की। यह तोडफ़ोड़ और उपद्रव बुधवार देर रात आरजी कर मेडिकल अस्पताल के आपातकालीन विभाग में किया गया, जहां हाइब्रिड क्रिटिकल केयर यूनिट (एचसीसीयू), क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू), आपातकालीन विभाग का टिकट काउंटर और दवा स्टोर रूम है।

सूत्रों ने बताया कि दवा स्टोर रूम में तोडफ़ोड़ में कई लाख रुपये की दवाईयां क्षतिग्रस्त हो गईं।

## संपादकीय

# चिकित्सक सुरक्षा का कानून

पश्चिम बंगाल के मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ हुए प्रकरण के बाद पूरे देश में चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। इधर सरकार अब इस दिशा में कड़ा नियम लाने जा रही है जिसके तहत न केवल कानूनी तौर पर बल्कि संस्थान के स्तर पर भी कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल संस्थानों के संचालक को या फिर प्रबंधक को प्रिंसिपल के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है यदि वह सूचना मिलने के बाद तत्काल कोई एक्शन नहीं लेते हैं तो। जारी आदेश में कहा गया है कि आदेश किसी डॉक्टर के साथ किसी प्रकार की हिंसा होती है, तो इसके लिए मेडिकल कॉलेज या अस्पताल के हेड जिम्मेदार माने जायेंगे। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा होने पर घटना की छ घंटे के अंदर एफआईआर दर्ज करवानी होगी। साफ आदेश हैं कि ऐसा न होने पर मेडिकल कॉलेज के प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है। मरीज का उपचार करने के दौरान चिकित्सकों के आगे सबसे बड़ी समस्या उनके तीमारदारों से निपटने की होती है जो अक्सर इलाज में लापरवाही निकाल कर मेडिकल स्टाफ पर हमला कर देते हैं। कोलकाता की घटना के बाद डॉक्टर ने अपनी मांग उठाते हुए सुरक्षा का मुद्दा उठाया है जिसमें मुख्य मुद्दा ही उनकी सुरक्षा के लिए एक कानून पास करने का है। कोलकाता का यह प्रकरण पूरी तरह से संस्थान के अंदर का ही मुद्दा है और इस मामले में अब सीबीआई जांच के आदेश हो चुके हैं लेकिन जहां एक और चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर संत कानून की बात की जा रही है तो वही संस्थाओं के अंदर ही यदि इस प्रकार की घटना होती है तो स्थिति में कैसे इन घटनाओं पर रोक लगाई जाए? निश्चित तौर पर यहां कुछ जिम्मेदारियां संस्थाओं की भी तय करनी होगी जो किसी भी घटना के बाद या उससे पहले सुरक्षा का दायरा सुनिश्चित करते हैं। इसे पूर्वी कई ऐसी घटनाएंप्रश में आई है जब चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ पर हमने किए गए हैंऔर आरोपियों पर कोई खास कार्रवाई नहीं हुई। इस दिशा में न केवल मेडिकल स्टाफ खुद को असुरक्षित महसूस करता है बल्कि प्रतिक्रिया के तौर परहोने वाले आंदोलन के कारण कार्य भी बाधित होता है।

# हथकरघा ग्रामीण और अर्ध—ग्रामीण आजीविका का महत्त्वपूर्ण स्रोत

**गिरिराज सिंह**

**पिछले कुछ वषी में भारत का हथकरघा क्षेत्र निरंतरता और स्लो फैशन के प्रतीक के रूप में उभरा है। आज, मैं मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के महत्त्व पर जोर देना चाहता हूं, क्योंकि हम हथकरघा के पुनरु त्थान का जश्न मना रहे हैं, अतः इस अवसर पर मैं भारत के लोगों से हथकरघा क्षेत्र में सतत गति बनाए रखने की अपील करता हूं। हथकरघा बुनाई एक विरासत वाली शिल्पकला है, जो स्लो, निरंतर और नैतिक फैशन के सिद्धांतों को मूर्त रूप देती है। पिछले दशक में लगातार सरकारी प्रयासों से फास्ट फैशन से लेकर स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी गर्व से भारतीय हथकरघा पर बुने हुए कपड़े पहनते हैं, और विश्व स्तर पर उनको बढ़ावा भी देते हैं तथा हथकरघा क्षेत्र की सफलता में काफी हद तक उनका योगदान रहा है। समय आ गया है कि अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल हों। मैं इस क्षेत्र के उत्थान में कताई, रंगाई और बुनकर के रूप में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता हूं तथा उनके अमूल्य योगदान की सराहना करता हूं। मैं देश भर के पारंपरिक समुदायों विशेषकर महिलाओं के योगदान को पूरी तरह से मान्यता और सम्मान देता हूं, जिनके बिना हथकरघा क्षेत्र के उत्थान की कल्पना नहीं की जा सकती। उनके योगदान को बनाए रखने और उसे बढ़ावा देने के लिए उनके साथ गरिमापूर्ण एवं सम्मानजनक व्यवहार करना जरूरी है।**

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत 7 अगस्त, 1905 को टाउन हॉल, कलकत्ता (अब कोलकाता) में आयोजित एक बैठक में हुई थी।

इस ऐतिहासिक अवसर को याद करने और हमारी हथकरघा परंपरा का जश्न मनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2015 में 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया गया। हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण और अर्ध–ग्रामीण आजीविका का महत्त्वपूर्ण स्रेत है, जो 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। इनमें से 25 लाख से ज्यादा महिलाएं हैं। इस प्रकार यह क्षेत्र महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का महत्त्वपूर्ण स्रेत है। वस्त्र मंत्रालय ने देश भर में हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं।

मैं आपका ध्यान 28 जुलाई, 2024 को माननीय प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करने में हथकरघा क्षेत्र के महत्त्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने नये स्टार्टअप उद्यमों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया था, जो हथकरघा उत्पादों और सस्टेनबल फैशन को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से स्थानीय हथकरघा उत्पादों को लोकप्रिय बनाने का भी आग्रह किया था।

पिछले कुछ वषी में भारत का हथकरघा क्षेत्र निरंतरता और स्लो फैशन के प्रतीक के रूप में उभरा है। आज, मैं मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के महत्त्व पर जोर देना चाहता हूं, क्योंकि हम हथकरघा के पुनरु त्थान का जश्न मना रहे हैं, अतः इस अवसर पर मैं भारत के लोगों से हथकरघा क्षेत्र में सतत गति बनाए रखने की अपील करता हूं। हथकरघा बुनाई एक विरासत वाली शिल्पकला है, जो स्लो, निरंतर और नैतिक फैशन के सिद्धांतों को मूर्त रूप देती है।

पिछले दशक में लगातार सरकारी प्रयासों से फास्ट फैशन से लेकर स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी गर्व से भारतीय हथकरघा पर बुने हुए कपड़े पहनते हैं, और विश्व स्तर पर उनको बढ़ावा भी देते हैं तथा हथकरघा क्षेत्र की सफलता में काफी हद तक उनका योगदान रहा है। समय आ गया है कि अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल हों।

मैं इस क्षेत्र के उत्थान में कताई, रंगाई और बुनकर के रूप में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता हूं तथा उनके अमूल्य योगदान की सराहना करता हूं। मैं देश भर के पारंपरिक समुदायों विशेषकर महिलाओं के योगदान को पूरी तरह से मान्यता और सम्मान देता हूं, जिनके बिना हथकरघा क्षेत्र के उत्थान की कल्पना नहीं की जा सकती। उनके योगदान को बनाए रखने और उसे बढ़ावा देने के लिए उनके साथ गरिमापूर्ण एवं सम्मानजनक व्यवहार करना जरूरी है।

बुनाई कौशल, डिजाइन नवाचार और एंटरप्रेन्योर क्षमताओं में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू किए गए शैक्षिक कार्यक्रम और पहल महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाती हैं। नई तकनीकों में निपुणता प्राप्त करके और आधुनिक डिजाइनों को एक्सप्लोर करके महिला बुनकर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बना कर समकालीन बाजारों को आकर्षित कर सकती हैं, जो उनके शिल्प की सस्टेनिबलिटी को सुनिश्चित करेगी।

एम्ब्रॉइडरी और प्रिंटिंग द्वारा मूल्य संवर्धन के माध्यम से हथकरघा को बढ़ावा देने से पारंपरिक वस्त्रों में नई जान आती है, तथा अद्वितीय और अत्यधिक वांछनीय उत्पाद तैयार होते हैं। एम्ब्रॉइडरी, सुई के काम से जुड़ी एक जटिल कला, जो हथकरघा कपड़ों में गहराई और विशेषता पैदा करती है। जरदोजी, कांथा या चिकनकारी जैसी विभिन्न तकनीकों को शामिल करके कारीगर साधारण हथकरघा वस्त्रों को विस्तृत, अद्वितीय टुकड़ों में बदल देते हैं। इससे न केवल सौंदर्य अपील बढ़ती है, बल्कि उत्पादों का बाजार मूल्य भी बढ़ता है, जिससे कारीगरों को बेहतर आर्थिक अवसर मिलते हैं।

हथकरघा उद्योग में प्रौद्योगिकी और नवाचार का एकीकरण बुनकरों द्वारा अनुभव की जाने वाली कठिनाई को कम करने, उत्पादकता बढ़ाने और इस पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। आधुनिक प्रगति ने हथकरघा बुनाई से जुड़े शारीरिक श्रम को काफी हद तक कम कर दिया है, जिससे यह प्रक्रिया अधिक एफिशएंट और अपेक्षाकृत कम श्रम वाली हो गई है। कंप्यूटर–एडेड डिजाइन (सीएडी) सॉफ्टवेयर बुनकरों को बुनाई शुरू करने से पहले उन्हें जटिल पैटर्न और रंग संयोजनों के सुव्यवस्थित प्रयोग हेतु सक्षम बनाता है। इससे न केवल समय की बचत होती है, बल्कि त्रुटियों का जोखिम भी कम हो जाता है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाले आउटपुट प्राप्त होते हैं।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस (7 अगस्त) के उपलक्ष्य में इस वर्ष मैं सभी से दो प्रतिज्ञाएं लेने का आग्रह करता हूं; पहली, हम सभी हथकरघा उत्पादों के साथ सेल्फी लेंगे और उसे सोशल मीडिया पर साझा करेंगे; दूसरी, हथकरघा को अपने परिधानों एवं दैनिक जीवन में शामिल करेंगे। प्रत्येक हथकरघा वस्तु अद्वितीय है, जिसे सावधानी एवं बारीकी से बुना जाता है, जो इसके बनाने वाले के समर्पण के साथ–साथ उसके शिल्प कौशल को प्रदर्शित करता है। हथकरघा उत्पादों का चयन करके हम न केवल पारंपरिक वस्त्रों की सुंदरता और विविधता को सम्मानित करते हैं, बल्कि कारीगरों की आजीविका में भी महती योगदान देते हैं।

हथकरघा उद्योग में गुणवत्ता, निरंतरता और तकनीक को प्राथमिकता देना महत्त्वपूर्ण है। हर किसी को क्षेत्रीय शिल्पकारों और पारंपरिक बुनाई समुदायों का समर्थन करना चाहिए और उनके कपड़ों की खरीदारी के प्रति जागरूक रहना चाहिए जिससे इन्हें बनाने वाले लोग और यह क्षेत्र लाभान्वित होता है। हथकरघा वस्तुओं के निष्पक्ष व्यापार, रीजनल मैन्यूफैक्चरिंग, सस्टेनिबलिटी और शिल्प कौशल पर ध्यान देने से इस आंदोलन को बढ़ाने में मदद मिलेगी और हथकरघा बुनकरों को उनका हक मिलेगा। हथकरघा उद्योग का समर्थन करके हम न केवल एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के लिए भी प्रयास करते हैं, और साथ ही, संयुक्त राष्ट्र के कई सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) 2030 को भी प्राप्त करते हैं।

# भारत के मुस्लिम नेताओं से अपील

**अजय दीक्षित**



पिछले कुछ दिनों में भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है और हुआ है, वह भारत के लिए गंभीर चिंता और संकट का विषय है । आई.एस.आई., जमाते इस्लामी, अल–कायदा और अन्य मुस्लिम उग्रवादी संगठनों ने बांग्लादेश के हिन्दुओं पर अत्याचार शुरू कर दिया है । सन् 1947 में जब भारत का विभाजन हुआ था तब पूर्वी पाकिस्तान (आज का बांग्लादेश) में 30त्न हिन्दू रहते थे । असल में वे जगत गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर को अपना आराध्य मानते हैं । वे सभी बांग्लाभाषी हैं ।

उनका खान–पान, रहन–सहन, सोच विचार बांग्लादेश के मुसलमानों के समान ही था और है । हिन्दू और मुसलमान के बीच फर्क केवल आराध्य को लेकर रहा है । मुसलमान मस्जिद में जाता है – हिन्दू मंदिर में जाता है । ढाका में काली का बहुत प्रसिद्ध मंदिर है । ढाका के सबसे बड़े कॉलेज का नाम जगन्नाथ कॉलेज है । विभाजन से पूर्व यही नाम था और अभी कुछ वर्ष पहले तक यही नाम रहा है । बांग्लादेश में एक हिन्दू आदिवासी सम्प्रदाय का बहुत बड़ा आस्था स्थल है । जब पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हो रहे थे तो चुनाव के बीच भारत के प्रधानमंत्री श्री मोदी जी बांग्लादेश गये थे और उस आदिवासी पूजा स्थल पर आराधना की थी । पश्चिम बंगाल में उस समुदाय के बहुत से वोटर हैं । भारत के विपक्ष ने तब आरोप लगाया था कि मोदी जी ने चुनाव के बीच वहां जाकर पश्चिम बंगाल के असेंबली चुनाव में जीत के लिए उस समुदाय को साधने के लिए बांग्लादेश में उक्त समुदाय के पूजा स्थल पर गये थे । सन् 1971 में भारत की तात्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की कूटनीति से पाकिस्तान के दो टुकड़े हो गये और पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश के नाम से एक अलग देश बन गया । खालिदा जिया भी कुछ दिन बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रही हैं, परन्तु शेख हसीना ने उन्हें जेल में डाल रखा था । शेख हसीना ने नौकरी में आरक्षण को लेकर आन्दोलन कर रहे छात्रों को गुण्डा कहा था । यूं शेख हसीना सन् 2008 से वहां की प्रधानमंत्री रही हैं । परन्तु उन पर आरोप है कि पिछले दो चुनावों में उन्होंने धांधली की थी । उन्होंने विपक्षका गला घोंट रक्खा था। फौज से भी उनके सम्बन्ध कुछ बहुत मधुर नहीं थे ।


भारत की विदेश नीति के तहत भारत ने बांग्लादेश से मधुर संबंध रक्खे जो मोदी जी के कार्यकाल में और भी बढ़ गये यद्यपि यह मधुर संबंध सन् 2008 से चल रहे थे जब सत्ता में कांग्रेस थी ।

असल में शेख हसीना को भारत में शरण देना बहुत खतरनाक होगा । मुस्लिम उग्रवादी संगठनों ने बांग्लादेश के हिन्दुओं पर अत्याचार करना शुरू कर दिया है । हिन्दू प्रतिष्ठानों को लूट लिया गया है । हिन्दू स्त्रियों के साथ दुराचार हो रहा है । उनके अंग वस्त्रों के साथ बदतमीजी हो रही है । लगभग एक करोड़ तीस लाख हिन्दू भारत के बॉर्डर पर खड़े हैं । आज बांग्लादेश में मात्र सात प्रतिशत हिन्दू हैं जबकि 1947 में उनका प्रतिशत तीस था । भारत के बहुत से राज्यों की सीमा बांग्लादेश से मिलती है । आज असम में बहुत बड़ी संख्या में बांग्लाभाषी मुसलमान हैं जबकि असम की भाषा असमिया है । भारत हिन्दुत्व के नाम पर डेढ़ करोड़ हिन्दुओं को भारत में शरण नहीं दे सकता । भारत के मुस्लिम संगठनों के नेताओं को खुलकर और उग्र स्वर में बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जो हो रहा है उसका विरोध करना चाहिये । आज चीन भारत के पड़ोसी देशों में काबिज है । नेपाल, पाकिस्तान, वर्मा, मालदीप, अफगानिस्तान, श्री लंका सभी देशों में चीन की बढ़त है । यह भारत के लिए चिंता का विषय है । भारत का मुसलमान समन्वयवादी और उदार है । दुनिया भर के मुस्लिम देशों को बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जो हो रहा है, इसका विरोध करना चाहिए । यही सच्ची मानवता है और यही इस्लाम की सच्ची शिक्षा है । क्योंकि इस्लाम भाई–चारे में विश्वास करता है और भारत का मुसलमान बांग्लादेश के हिन्दुओं के साथ खड़ा है ।

# अव्यवस्थाओं के बीच फंसी राजधानी

राजधानी देहरादून की बात करें या फिर उत्तराखंड के दूसरे नगरों की यहां की आता है व्यवस्था ने सभी को निराश किया है। बात चाहे पर्यटन के दौरान यातायात व्यवस्था की हो या फिर दैनिक तौर पर चलने वाली किसी नगर की हर मूर्ति पर उत्तराखंड में यातायात का दारा अभी तक पटरी पर नहीं आ पाया है। यात्रा सीजन में जिन दुश्वारियां से पर्यटक जूझते हैं वह किसी से छुपा नहीं है। उत्तराखंड के बड़े नगरों में भी यही दिक्कत है सामने आती है जिनमे दैनिक तौर पर चलने वाला यातायात नियंत्रण से बाहर हो चुका है। राजधानी देहरादून में तो जिस प्रकार के हालात पैदा हो गए हैं उसके आगे अब पुलिस एवं परिवहन विभाग भी घुटने टेक चुका है और अब तक लागू किए गए अधिकांश प्लान कसौटियों पर खरे साबित नहीं हो पाए हैं। राजधानी में तो यातायात प्रबंधन इस बुरी तरह से बिगड़ चुका है कि अब इसकी चपेट में आपातकालीन सेवाएं भी आ गई है। अक्सर एम्बुलेंस राजधानी की लचर यातायात व्यवस्था से जूझती नजर आती है। देहरादून एवं हरिद्वार यह दोनों ही ऐसे जनपद है जहां यातायात का दबाव सबसे ज्यादा अधिक है और यहां किए गए अब तक के प्रयास यहां के परिवहन तंत्र को सही तरीके से पटरी पर चलाने में कामयाब नजर नहीं आए हैं। सबसे अधिक परेशानियां स्कूल के समय में देखने को मिली है इसके निदान के लिए यातायात पुलिस ने कुछ परिवर्तन करने का प्रयास किया। कुछ स्कूलों के लिए ट्रैफिक रेगुलेटरी जारी की गई है जिसमें अभी 21 स्कूलों को शामिल किया गया है जो अलग–अलग समय पर अलग–अलग कक्षाओं के बच्चों को स्कूल बुलाएंगे और उनकी छुट्टी करेंगे। पुलिस का यह प्रयोग सुबह स्कूल लगने के समय तो जरूर थोड़ा असरदार नजर आया है लेकिन स्कूलों के अवकाश के समय हालात आज भी हालात पहले जैसे ही बने हुए हैं। स्थिति यह बन गई है कि अब तो कोई भी प्रयास कारगर होता हुआ नजर नहीं आ रहा है मुद्दा केवल स्कूलों की छुट्टी के समय लगने वाले जाम का नहीं है बल्कि दिन के अन्य समय भी राजधानी के अधिकांश सड़कों में जाम जैसी व्यवस्था ही बनी रहती है। यातायात पुलिस को चिंता छुट्टी के समय लगने वाले जाम के कारण वीआईपी मूवमेंट को लेकर है ना की आम जनता के हित और सुविधा से। स्कूलों के लिए जारी किए गए निर्देशों के पीछे भी वीआईपी मूवमेंट से लेकर शासकीय कार्यों एवं आपातकालीन सेवाओं का हवाला दिया है लेकिन हकीकत तो यह है की देहरादून की यातायात व्यवस्था पिछले कुछ वर्षों में बुरी तरह से विफल साबित हुई है।

# दुलकर सलमान की पैन—इंडिया फिल्म लकी भास्कर को मिली नई रिलीज डेट



दुलकर सलमान, एक प्रख्यात, बहु–भाषी अभिनेता और भारतीय सिनेमा के बड़े सितारों में से एक, लकी बसखर में अभिनय कर रहे हैं, जो 1980 के दशक के अंत से 1990 के दशक की शुरुआत तक बैंक कैशियर के असाधारण जीवन को बयान करने वाली एक पीरियड ड्रामा है। ब्लॉकबस्टर निर्देशक वेंकी एटलुरी इस फिल्म को बड़े पैमाने पर लिख और निर्देशित कर रहे हैं। अब, निर्माताओं ने 7 सितंबर को दुनिया भर में फिल्म रिलीज करने की घोषणा की है।

फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिल्म के लिए, निर्माताओं ने हैदराबाद में 80 के दशक के मुंबई (तब बॉम्बे के रूप में जाना जाता था) को कुछ महंगे और व्यापक सेटों के साथ फिर से बनाया है। इसके अलावा निर्माताओं ने कहानी के समय अवधि से बैंकों जैसा एक बैंक सेट और भी बड़े पैमाने पर बनाया है।

बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री देने के अपने जुनून और शौक के लिए प्रसिद्ध, प्रोडक्शन हाउस सिथारा एंटरटेनमेंट ने ऐसे विशाल सेट बनाने में संकोच नहीं किया। उन्हें विश्वास है कि दर्शक उस समय अवधि के लकी बसखर के जीवन में पहुँच जाएँगे, जबकि उनकी हरकतों और यात्रा से अभिभूत होंगे।

ऐस प्रोडक्शन डिज़ाइनर बंगलान ने सेट पर प्रामाणिकता लाने के लिए बड़े पैमाने पर शोध किया और अपनी कलात्मक नज़र से देखने के अनुभव को बढ़ाया। प्रख्यात छायाकार निमिश रवि ने लकी बसखर की यात्रा को आकर्षक अंदाज़ में कैद करने के लिए निर्देशक वेंकी एटलुरी की दृष्टि के साथ मिलकर काम किया। मीनाक्षी चौधरी मुख्य महिला भूमिका निभा रही हैं और जीवी प्रकाश कुमार फ़िल्म के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं।

## शमार जोसेफ का 'पंजा' पड़ा साउथ अफ्रीका पर भारी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के गढ़ कहे जाने वाले गाबा मैदान पर वेस्टइंडीज के तूफानी गेंदबाज शमार जोसेफ ने कहर बरपाते हुए कंगारुओं को नतमस्तक कर खूब सुर्खियां बटोरी थीं। जोसेफ ने अब साउथ अफ्रीका के सामने भी कुछ उसी तरह का प्रदर्शन किया है। जोसेफ ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ प्रोविडेंस में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में अपनी गेंदबाजी से कहर बरपाया है और पंजा खोल दिया। साउथ अफ्रीका की टीम इस मैच की पहली पारी में महज 160 रन बनाकर आउट हो गई। टीम की इस बुरी हालत के लिए जोसेफ की गेंदबाजी जिम्मेदार रही। जोसेफ ने साउथ अफ्रीका के पांच बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। दाएं हाथ के गेंदबाज ने 14 ओवर गेंदबाजी की जिसमें 33 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए।

# श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड का बड़ा फैसला, अपने ही खिलाड़ी पर लगाया बैन



नई दिल्ली। लंका प्रीमियर लीग 2024 के दौरान कथित एंटी डोपिंग उल्लंघन के बाद निरोशन डिकवेला को शुक्रवार को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से निलंबित कर दिया गया है। श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार, इन्वेस्टिगेशनके दौरान उन्हें अनिश्चितकालीन बैन का सामना करना पड़ सकता है। उनकी सजा की जल्द घोषणा की जा सकती है।

**गॉल मार्वल्स के कप्तान हैं निरोशन**

लंका प्रीमियर लीग 2024 में निरोशन डिकवेला गॉल मार्वल्स की कमान संभाल रहे थे। हाल ही में खत्म हुई लीग में उनकी फ्रेंचाइजी ने राउंड–रॉबिन फेज के अंत में पॉइंट्स टेबल में टॉप स्थान हासिल किया था। उन्होंने सीजन में खेले गए 8 में से 5 जीते और केवल 3 में हार का मुंह देखना पड़ा। क्वालीफायर 1 में उन्होंने जाफना किंग्स से बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन अहम मुकाबले में उन्हें 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा।

**टूर्नामेंट में निरोशन का खराब प्रदर्शन**

टूर्नामेंट में निरोशन डिकवेला का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और उन्होंने 10 पारियों में 18.40 की मामूली औसत से केवल 184 रन बनाए। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 153.33 रही। गॉल मार्वल्स के कप्तान ने इस दौरान 2 अर्धशतक भी लगाए।

**इंटरनेशनल क्रिकेट में निरोशन के आंकड़े**

इंटरनेशनल क्रिकेट में निरोशन डिकवेला के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 54 टेस्ट, 55 वनडे और 28 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं।

टेस्ट की 96 पारियों में उन्होंने 30.97 की औसत और 66.46 की स्ट्राइक रेट से 2757 रन बनाए हैं।

वनडे की 52 पारियों में उनके नाम 1604 रन हैं। टी20 इंटरनेशनल में निरोशन डिकवेला ने 131.14 की स्ट्राइक रेट से 480 रन बनाए हैं।

# अजय देवगन की औरों में कहां दम था के लिए लाखों कमाना भी हुआ मुश्किल

अजय देवगन और तबू स्टारर फिल्म औरों में कहां दम था 2 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर काफी संघर्ष कर रही है. फिल्म को दर्शकों से मिला–जुला रिव्यू मिला था. इस फिल्म की शुरुआत ही बेहद खराब रही थी. इसके बाद औरों में कहां दम था ने पहले हफ्ते में काफी निराशाजनक परफॉर्म किया और अब दूसरे हफ्ते में तो फिल्म की हालत काफी खस्ता हो चुकी है. चलिए यहां जानते हैं अजय देवगन स्टारर ने रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे मंडे को कितना कलेक्शन किया है?औरों में कहां दम था बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह दम तोड़ चुकी है.पहले फिल्म में अजय देवगन और तबू की हिट जोड़ी देखते हुए लग रहा था कि ये रोमांटिक थ्रिलर बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड तोड़ देगी. लेकिन हुआ इसका उलटा और ये रिलीज के पहले दिन से कमाई के लिए तरसती नजर आ रही है. वहीं औरों में कहां दम था ने जैसे तैसे एक हफ्ता तो पार कर लिया लेकिन अब दूसरे हफ्ते में इस फिल्म के लिए मुीभर कमाई करना भी मुश्किल लग रहा है.फिल्म की कमाई की बात करें तो औरों में कहां दम था ने पहले हफ्ते में 10.1 करोड़ की कमाई की थी. वहीं दूसरे हफ्ते के दूसरे फ्राइडे इस फिल्म ने 35 लाख, दूसरे शनिवार 54 लाख और दूसरे रविवार 61 लाख का कलेक्शन किया था. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक औरों में कहां दम था ने रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 21 लाख की कमाई की है. इसी के साथ औरों में कहां दम था का 11 दिनों का कुल कलेक्शन अब 11.76 करोड़ रुपये हो गया है.

## रजनीकांत की वेट्टैयन में पुष्पा के विलेन फहाद फासिल की एंट्री

मलयालम एक्टर फहाद फासिल 42 साल के हो गए. इस अवसर पर उनकी आगामी फिल्म वेट्टैयन के मेकर्स ने फिल्म से उनका फर्स्ट–लुक लुक जारी किया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं. फहाद रजनीकांत स्टारर में एक मजेदार भूमिका निभा रहे हैं.वेट्टैयन मेकर्स ने ऑफिशियल एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर फिल्म से फहाद का फर्स्ट लुक जारी किया है. साथ एक्टर को स्पेशल मैसेज के साथ बर्थडे विश किया है. उन्होंने कैप्शन में लिखा है, वेट्टैयन टीम हमारे डियर फहाद फासिल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देती है. आपकी कला और डेडिकेशन किरदारों को जिंदा कर देती हैं.

# पाकिस्तान के स्टेडियमों में लगेंगी किराए पर लाइट्स



नई दिल्ली। पाकिस्तान में अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन किया जाना है। इसे लेकर अभी विवाद चल रहा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने साफ कह दिया है कि वह टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेगा। हालांकि पाकिस्तान इस बात को लेकर आश्वस्त है कि टूर्नामेंट उसी की जमीन पर होगा और इसलिए वह तैयारी में जुट गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड लाहौर और कराची के दो स्टेडियमों में नई फ्लट लाइड्स लगाने जा रहा है। पाकिस्तान और भारत के बीच राजनीतिक संबंध अच्छे नहीं हैं। ऐसे में बीसीसीआई ने कहा है कि भारतीय सरकार की मंजूरी के बिना वह टीम इंडिया को पाकिस्तान नहीं भेजेगा। वहीं बीसीसीआई ने ये भी डिमांड रखी है कि चैंपियंस ट्रॉफी को पाकिस्तान के बजाए किसी और देश में आयोजित किया जाए।

**किराए पर लगेंगी फ्लड लाइट्स**

हालांकि, पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी कहीं और करने के मूड में नहीं है। उसने तैयारी शुरू कर दी है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पीसीबी कराची और लाहौर के स्टेडियमों में नई फ्लड लाइट्स लगाने जा रहा है। इन दोनों स्टेडियम में पीसीबी किराए पर ये लाइट्स लगाएगा। इसके अलावा पीसीबी ने क्वेटा, एबटाबाद, पेशावर के स्टेडियमों में भी किराए पर फ्लट लाइट्स लगाने का फैसला किया है ताकि घरेलू सीजन के मैच गर्मी में न खेलन पड़ें।

पीसीबी ने फैसला किया है कि कराची में जो लाइट्स हैं वो क्वेटा भेजी जाएंगी। वहीं जो लाहौर में हैं उन्हें रावलपिंडी भेज दिया जाएगा। कराची और लाहौर में नई लाइट्स लगेंगी और इसके लिए पीसीबी ने टेंडर प्रोसेस शुरू कर दी है। पीसीबी ने किराए पर लाइट लगाने के लिए टेंडर मांगे हैं। ये टेंडर अगस्त 2024 से जुलाई 2025 तक के लिए होंगे।

## एक नजर

### कोटद्वार शहर में चलवाई जाएं सिटी बस

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : शिकायत के बाद भी कोटद्वार शहर में सिटी बस नहीं चलवाने पर उत्तराखंड विकास समिति ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि जनता के हित को देखते हुए जल्द से जल्द इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। इस संबंध में समिति ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। बताया कि वर्तमान में सरकार ने परिवहन निगम को कई बसें उपलब्ध करवाई हैं। यही नहीं कोटद्वार से मसूरी के लिए भी बस संचालन शुरू हो रहा है। लेकिन, कोटद्वार में लगातार बढ़ रही आबादी के बाद भी सिटी बस चलवाने की सुध नहीं ली जा रही है। कहा कि भाबर स्थित सिगड्डी ग्रोथ सेंटर में सैकड़ों युवा काम करते हैं, जो दूर-दूर से अपना किराया लगाकर फैक्ट्री तक पहुंचते हैं। यदि सिटी बस का संचालन किया जाता है तो इन्हें काफी सुविधा मिलेगी। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला, सचिव विपुल उनियाल, दुर्गा प्रसाद, पूरन सिंह रावत, जेके बड़थ्वाल, सवित्री रावत, एमएस बड़थ्वाल, एमएस उनियाल आदि मौजूद रहे।

### संस्था ने किया पौधा रोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : कल्पतरु सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था की ओर से सिताबपुर क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। संस्था ने आंवला, आम, इमली, कटहल, लीची सहित अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया। संस्था की अध्यक्ष कल्पना मजेड़ा व सचिव साधना कुकरेती ने बताया कि अभियान के दौरान आमजन को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर कलावती बिष्ट, दीपा नेगी, ममता भारती, सुनीता जोशी, सुशीला रावत, विमला काला, विनोद, राकेश राज, देवेश आदि मौजूद रहे।

### पदमपुर-सुखरो में खोला जाएं पुस्तकालय

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : पदमपुर-सुखरो निवासी मनोज सिंह रावत ने सांसद अनिल बलूनी से सुखरो क्षेत्र में पुस्तकालय खुलवाने की मांग की है। कहा कि युवाओं को बेहतर दिशा में ले जाने के लिए इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। सांसद अनिल बलूनी को दिए ज्ञापन में मनोज सिंह रावत ने कहा कि पूर्व में क्षेत्र में एक पुस्तकालय था। लेकिन, नगर निगम ने इस बंद कर दिया है। पुस्तकालय बंद होने से युवाओं का ध्यान पुस्तकों से हटकर नशा व मोबाइल की ओर बढ़ने लगा है। कहा कि युवाओं को बेहतर मार्ग पर ले जाने के लिए पुस्तकालय खोलने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने सरकारी स्कूलों में इनडोर-आउटडोर खेल की व्यवस्था करवाने की भी मांग की है।

### अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

कोटद्वार : भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सदस्यों ने पार्टी हित में अटल बिहारी वाजपेयी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बदरीनाथ मार्ग स्थित कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जनसंघ से लेकर बीजेपी तक को मेहनत से खड़ा किया। अटल बिहारी वाजपेयी सर्वमान्य नेता थे। कहा कि यह गर्व की बात है कि जिस पार्टी को खड़ा करने में अटल ने अपना योगदान दिया वह आज देश की सत्ता में है। कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के भाषण, विचार और शब्द रचना अपने आप में ध्येय वाक्य हैं। वाजपेयी ने सदैव हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने का काम किया। कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हम सभी को स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस असवर पर नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, गौरव मिश्रा, कमल नेगी, सुरेश शर्मा, हेमंत गौड़, नीरज मिश्रा, देवेन्द्र गुसांई, सुनील रावत आदि मौजूद रहे।

### सांड ने छात्रा व महिला टीचर पर किया हमला, घायल

पौड़ी : 15 अगस्त पर प्रभात फेरी के दौरान नेहरू मोउंटेंसरी स्कूल की एक छात्रा व एक महिला टीचर को विधायक कार्यालय के पास लावारिस सांड ने हमला कर घायल कर दिया। घटना से स्थानयी लोगों में नाराजगी है। लोगों ने सड़कों में घूम रहे लावारिस पशुओं को शहर से दूर करने की मांग उठाई है। पौड़ी में पिछले लंबे समय से लावारिस पशु मुसीबत का सबब बने हुए है। शहर के हर इलाके मे लावारिस पशुओं ने आतंक मचाया हुआ है। आए दिन लावारिस पशुओं के हमले की खबरे सामने आती रहती है। लेकिन पौड़ी जिला प्रशासन और नगर पालिका इस ओर कोई कार्यवाही नहीं कर पा रहा है।

# मार्च तक पूरा कर लें मालन पुल मरम्मत का कार्य : अनिल बलूनी



कोटद्वार में मालन पुल मरम्मत कार्य का निरीक्षण करते सांसद अनिल बलूनी

### सांसद अनिल बलूनी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मार्च माह तक मालन पुल मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है। कहा कि मरम्मत कार्य में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखें। कार्य में लापरवाह किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री से पुल का लोकार्पण करवाने की भी बात कही। कहा कि यदि समय अवधि तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत, राजगौरव नौटियाल आदि मौजूद रहे।

गुरुवार को गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने मालन नदी में पहुंचकर पुल मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। कहा कि पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद से भाबर क्षेत्र के सैकड़ों परिवार प्रभावित हो गए हैं। सबसे अधिक परेशानी जशोधरपुर स्थित फैक्ट्रियों में कच्चा माल पहुंचाने में हो रही है। वर्षाकाल के दौरान नदी का वेग तेज होने लगा है। ऐसे में क्षेत्रवासियों को अधिक परेशानियों का सामना न करने पड़े इसके लिए जल्द से जल्द पुल मरम्मत कार्य को पूर्ण करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को मार्च माह तक कार्य पूर्ण करवाते हुए 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री द्वारा पुल का लोकार्पण करवाने की बात कही।

### ड्यूटी से हटाने पर पीआरडी जवान नाराज

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उत्तराखंड प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन ने जिले की सभी तहसीलों में राजस्व निरीक्षकों और राजस्व उपनिरीक्षकों के साथ तैनात पीआरडी जवानों को ड्यूटी पर तैनात किए जाने की मांग की है। संगठन ने शुक्रवार को डीएम को ज्ञापन देकर जल्द ही समस्या हल करने की मांग उठाई है। शुक्रवार को ज्ञापन देते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष ललित सिंह ने कहा कि जिले की विभिन्न तहसीलों में राजस्व निरीक्षक व उपनिरीक्षकों के साथ तैनात पीआरडी जवानों को बीती 28 फरवरी से ड्यूटी से हटा दिया गया है। जिससे इन पीआरडी जवानों को आर्थिकी की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द ही इन पीआरडी जवानों को फिर से तैनात करने की मांग की है।

### राइंका क्यार्क की प्रियंका रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को जीआईसी पौड़ी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता संभाव्यता एवं सरोकार विषय पर विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जीआईसी पौड़ी में आयोजित गोष्ठी में राइंका क्यार्क की प्रियंका ने पहला, राउमावि उरेगी के अभिराज कुमार ने दूसरा व राइंका पौड़ी के कृष्णा कोहली ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य वेदप्रकाश डोभाल, ब्लाक समवंयक भूपेंद्र सिंह नेगी, निर्णायक मातबर सिंह रावत, मुकेश रावत, सरोहनी पुरोहित, अजय बिष्ट, लक्ष्मीकांत बर्थवाल आदि शामिल रहे।

# खेल विवि गढ़वाल मंडल पौड़ी में खोलने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : युवा कांग्रेस ने खेल विश्वविद्यालय गढ़वाल मंडल पौड़ी में खोलने की मांग उठाई है। युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को डीएम कार्यालय के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर युवा कांग्रेस ने खेल विश्वविद्यालय गढ़वाल मंडल पौड़ी में खोलने की मांग उठाई शुक्रवार को सीएम को भेजे गए ज्ञापन में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि कुछ दिनों पहले कैबिनेट बैठक में खेल विश्विद्यालय खोले जाने को लेकर सैद्धांतिक मंजूरी मिल गयी है और आगामी होने वाले गैरसैंण विधानसभा सत्र में सरकार विधेयक ला रही है। कहा कि यह खेल विश्वविद्यालय का निर्माण गढ़वाल मंडल मुख्यालय पौड़ी में किया जाना चाहिए। पौड़ी में एथलीट खेलों के लिए उचित वातावरण व एशिया के सबसे ऊंचाई पर स्थित रांसी स्टेडियम, विभिन्न अन्य खेलों के लिए इंडोर भी मौजूद है। ऐसे में अगर खेल विश्वविद्यालय यहां पर खुलता है तो वह खिलाड़ी अपना पठन-पाठन भी यहीं से कर पाएंगे और एक बेहतर माहौल खेल के लिए तैयार होगा। पौड़ी से भी अनेक ऐसे खिलाड़ी रहे है जिन्होंने खेल के दम पर अपना लोहा मनवाया है और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया है। कहा कि गढ़वाल मंडल की हमेशा से उपेक्षा की जाती रही है। उन्होंने खेल विश्विद्यालय को पौड़ी में ही खोलने की मांग उठाई है। ज्ञापन देने में जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस मोहित सिंह, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस आशीष नेगी, जिला सचिव सोनू, विधानसभा अध्यक्ष आयुष भंडारी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित नौटियाल, प्रियांश रावत, अमन नेगी, हिमांशु रावत आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 78वॉ स्वतंत्रता दिवस



चमोली। जनपद में 78वॉ स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय में छात्र–छात्राओं, अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने प्रातः गोपीनाथ मंदिर प्रांगण से पूरे शहर में तिरंगे के साथ प्रभात फेरी निकाली और आजादी के नारे लगाते हुए अमर शहीदों के बलिदान को याद किया। सभी विभागों, शिक्षण संस्थाओ, गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने जिला कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महापुरुषों को नमन करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हमें महापुरुषों के संघर्षों से मिली आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु आपसी तालमेल, सौहार्द, ईमानदारी व कर्मठता से पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निवर्हन करना चाहिए। कहा कि सभी लोग दूसरे का दर्द अपना दर्द समझ कर उसका निराकरण करें, यही सच्ची देशभक्ति है। जिलाधिकारी ने नशा मुक्त भारत अभियान की चौथी वर्षगांठ पर सबको एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाने की अपील भी की। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहॉं एवं अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त अधिकारियों ने कुण्ड स्थित शहीद स्मारक पार्क में अमर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में वृहद स्तर पर फलदार और सजावटी पौधे लगाए गए। आजादी के महोत्सव पर सभी स्कूलों, ब्लाक एवं तहसीलों में भी विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। शिक्षण संस्थाओं में निबंध, खेल कूद आदि प्रतियोतिगताओं का आयोजन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से पीड़ति महिलाओं को सहयोग प्रदान करने और मिशन शक्ति के तहत पूरे जनपद में विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।


**अदालती सूचना**

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेंट कलेक्टर प्रथम श्रेणी कोटद्वार**
**रा0वा0सं0 13/24**
**प्रताप सिंह**
**बनाम दलवीर सिंह आदि**

धारा 229 बी0 जमीदारी भूमि विनाश एवं व्यवस्था अधिनियम

समन बनाम- दलवीर सिंह पुत्र जोत सिंह आदि निवासी बालासौड़, कोटद्वार गढ़वाल। हरगाह वादी प्रताप सिंह द्वारा मेरे न्यायालय में अन्तर्गत धारा 229 बी0 जमीदारी भूमि विनाश एवं व्यवस्था अधिनियम के अन्तर्गत वाद दाखिल किया गया है, जिसमें आपको प्रतिवादी न0 1 बनाया गया है।

अतः आपको नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 23-08-2024 को मेरे न्यायालय में हाजिर होकर जवाबदेही करें अन्यथा आपके खिलाफ एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी।

दिनांक- 16/08/2024

**आज्ञा से**
**असिस्टेन्ट कलेक्टर कोटद्वार**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र फुरकान अहमद एवं मौ0 आरिफ मेरे कहने सुनने में नहीं है एवं गलत संगत में पड़ गये है। मैं अपने दोनों उपरोक्त पुत्रों को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं एवं उनके द्वारा किये गये किसी भी गैर कानूनी कृत्य एवं लेन-देन के लिए मैं जिम्मेदार नहीं रहूंगा।

**अब्दुल गफ्फार पुत्र शगीर अहमद निवासी मोमिन नगर, लकड़ी पड़ाव, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0360/21)


# पर्यटन नगरी में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

जयन्त प्रतिनिधि।

लैन्सडाउन : पर्यटन नगरी लैंसडाउन में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर सुबह से ही देशभक्ति गीत गूंजने आरंभ हो गए थे। बाजार में विशेष सफाई अभियान के बाद झंडारोहण स्थल पर रंगोली बनाई गई। व्यापारियों में 15 अगस्त को लेकर के विशेष उत्साह नजर आया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर छावनी परिषद के अध्यक्ष कमांडेंट जीआरसी विनोद नेगी के द्वारा गांधी चौक में झंडा फहराया गया।

इस दौरान भारत माता की जय और राष्ट्रगान की धुन ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। गांधी चौक में व्यापारियों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। बाहर से आए पर्यटकों ने भी गांधी चौक में स्थानीय लोगों के साथ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। आर्मी बैंड का डिस्प्ले और कैंट स्कूल जीजीआईसी स्कूल बैंड डिस्प्ले विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर छावनी के अधिकारी, व्यापार मंडल के पदाधिकारी और स्थानीय जनता मौजूद रही। सेंट जॉनस कान्वेंट स्कूल में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्कूल के विद्यार्थी रंग–बिरंगे कपड़ों में नजर आए।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Tender No. / Date** | 133-DRM-MB-24-25 dt. 16.08.2024 | | |
| **Name of work :** Provision of Electronic type track based rail Gauge Face Lubricator-10 nos under Sr. DEN/HQ/MB | | | |
| **Tender Closing Date Time** | 13.09.2024 | **Advertised Value (Rs.)** | 1,33,77,264.00 |
| **Earnest Money (Rs.)** | 2,16,900.00 | **Tender Cost (Rs.)** | 5,000.00 |
| **Bidding Start Date** | 30.08.2024 | **Period of Completion** | 60 Month |
| **Tender No. / Date** | 137-DRM-MB-24-25 dt. 16.08.2024 | | |
| **Name of work :** Heavy repair to road surface, approach road and pathways of North Colony Moradabad & Provision of Acoustic wall lining and other Heavy repair work in Officers club Moradabad under ADEN/HQ/MB | | | |
| **Tender Closing Date Time** | 13.09.2024 | **Advertised Value (Rs.)** | 96,74,454.86 |
| **Earnest Money (Rs.)** | 1,93,500.00 | **Tender Cost (Rs.)** | 00.00 |
| **Bidding Start Date** | 30.08.2024 | **Period of Completion** | 6 Month |

**पत्रांक-75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 16.08.2024** **2573/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# देवप्रयाग में पुण्यतिथि पर आचार्य चक्रधर जोशी को किया याद

नई टिहरी। विद्वान व समाज सेवी स्वर्गीय आचार्य चक्रधर जोशी को उनकी 44वीं पुण्य तिथि पर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर लोगों ने सरकार से देवप्रयाग में स्थापित महाविद्यालय का नाम स्व. जोशी के नाम से किये जाने की मांग की। शुक्रवार को देवप्रयाग में स्व. चक्रधर जोशी द्वारा 1946 में स्थापित सुप्रसिद्ध संस्था नक्षत्र वेधशाला में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने उनका भावपूर्ण स्मरण किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनकी संग्रहित धरोहरों को संरक्षित किये जाने की मांग सरकार से की। हल्द्वानी, बुलंदशहर, देहरादून सहित अमेरिका से पहुंचे वक्ताओं ने कहा कि, स्व. आचार्य जोशी ने हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किये। जिसको देखते हुए 2017 में डाक विभाग द्वारा उनपर डाक टिकट भी जारी किया गया। कहा कि नक्षत्र वेधशाला में संग्रहित दुर्लभ पांडुलिपियों, बीस हजार से अधिक ग्रंथों, खगोलीय यंत्रों, कलाकृतियों आदि का राष्ट्रीय स्तर पर समुचित उपयोग किये जाने की व्यवस्था होनी चाहिए। इस मौके पर डॉ. डीआर पुरोहित, रामजी शरण शर्मा, समीर वृजवासी, चंद्रशेखर भट्ट, सूरज भट्ट, मोरा श्रावणी, चैतन्य स्वरूप, विद्या देवी, रजनी देवी, विजयलक्ष्मी, गिरीश कोटियाल, सृष्टि, मौलिक जोशी आदि मौजूद रहे।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर, पौड़ी गढ़वाल**

दूरभाष संख्या 01368-221815 dlsapauri@gmail.com

विज्ञप्ति संख्या 04/जि.वि.से.प्रा.पौड़ी / चयन पी.एल.वी./2024-25 दिनांकः- 14/08/2024

माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के पत्रांक संख्या 1219/यू0के0एस0एल0ए0/2023 दिनांकित 11 सितम्बर, 2023 के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के लिए, जनपद पौड़ी के विभिन्न विकास खण्ड क्षेत्रों में कार्य करने हेतु पराविधिक स्वयंसेवी (PLVs) चयनित किये जाने है। जिसके लिये अर्हता निम्न प्रकार है -

1- कम से कम मैट्रिक (10th) पास हों, सेवा निवृत्त शिक्षक, सेवा निवृत्त सरकारी कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक, एम0एस0डब्लू0 छात्र और शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, डॉक्टर/चिकित्सक, विधि के छात्र, गैर राजनीतिक, सेवा उन्मुख गैर सरकारी संगठनों और क्लबों के सदस्य, स्नातकोत्तर, स्नातक, डिप्लोमाधारी, कप्यूटर ज्ञान रखने व समाज सेवा के अनुभव वाले आवेदक को वरीयता दी जायेगी।
2- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा सौपे गये/बताये गये कार्यों के लिए पर्यात व पूर्ण समय दे सकें।
3- अभ्यर्थी के द्वारा जिस विकास खण्ड से आवेदन किया जा रहा हों, उसमें ही स्थायी रूप से वर्तमान में भी रह रहें हों।
4- अभ्यर्थी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका/चुकी हो (30 वर्ष से अधिक उम्र वाले, समाज सेवी व परिपक्व व्यक्ति को वरीयता दी जायेगी)।

नोट:-
पराविधिक स्वयंसेवी के रूप में चयन किसी राजकीय सेवा के सापेक्ष चयन नहीं है और न ही इसके लिए कोई वेतन, परितोष, पारिश्रमिक भुगतान किया जायेगा। पराविधिक स्वयंसेवी के द्वारा एक दिन में किये गये कार्य के सापेक्ष 500/-रू0 (पांच सौ रूपये मात्र) के मानदेय का भुगतान आवश्यक सत्यापन के पश्चात किया जायेगा। इसलिए जो व्यक्ति समाज सेवा की प्रबल इच्छा रखते हों, वहीं व्यक्ति आवेदन करें। रोजगार के उद्देश्य से कोई भी व्यक्ति आवेदन न करें। जिला मुख्यालय से दूरस्थ स्थित विकास खण्डों के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। आवश्यकता पड़ने पर चयन समिति के द्वारा पराविधिक स्वयंसेवियों के चयन हेतु साक्षात्कार लिया जा सकता है, जिसकी तिथि की सूचना अभ्यर्थीगण को पृथक से दी जायेगी।

इच्छुक व अर्ह अभ्यर्थी नीचे दिये गये निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र, प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रति व अपना पता लिखा हुआ 27-27 रू0 के डाक टिकट चस्पा किये हुये दो लिफाफों सहित दिनांक 27/08/2024 की सांय 5:00 बजे तक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, पौड़ी गढ़वाल के पते पर डाक द्वारा या दस्ती जमा कर सकते है।

**पराविधिक स्वयंसेवी (P.L.V) के चयन हेतु आवेदन पत्र**

विज्ञप्ति सं0 04/जि.वि.से.प्रा. पौड़ी चयन पी.एल.वी./2024-25, दिनांकित 14/08/2024 के क्रम में निर्धारित प्रारूप के प्रार्थी/प्रार्थिनी का आवेदन पत्र निम्मतः प्रस्तुत है-

अभ्यर्थी की स्वप्रमाणित नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज की फोटाग्राफ

1- अभ्यर्थी/अभ्यर्थनी का नाम (हिन्दी में)..........
(अंग्रेजी कैपिटल लैटर में)..........
2- पिता/पति का नाम..........
3- स्थाई पता..........वि0ख0..........तहसील..........
जिला..........
4- वर्तमान पता..........
5- जन्मतिथि.......... (DD-MM-YYYY) उम्र..........
6- लिंग- पुरूष/महिला, कृपया सही का निशान लगायें ( )
7- जाति..........(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8- मोबाईल नम्बर..........
9- ई-मेल आई0डी एवं व्हाटसअप नम्बर (यदि कोई हो)..........
10- आधार संख्या ..........(स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)
11- शैक्षिक योग्यता..........(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
12- वर्तमान पेशा/कार्य..........
13- आवेदक किस स्तर पर कार्य करने का इच्छुक है..........जिला-स्तर..........तालुका..........ग्राम स्तर..........
14- अनुभव यदि कोई हो तो..........(प्रमाण संलग्न करें)

**घोषणा :** यह कि मैं, निःस्वार्थ भाव से समाज के कमजोर वर्गो, गरीबों, पिछड़ो व महिलाओं तक निःशुल्क कानूनी जानकारी पहुँचाने हेतु समर्पित भाव व स्वेच्छा से पराविधित स्वयंसेवी (P.L.V) के रूप में कार्य करने का/की इच्छुक हूँ। यह कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरे गये समस्त विवरण मेरी जानकारी व विश्वास में पूर्ण एवं सत्य हैं, यदि कोई सूचना असत्य, अपूर्ण या छुपाई गयी पायी जाती है, तो मेरा चयन निरस्त कर दिया जाये तथा मैं कानूनी कार्यवाही के लिए उत्तरदायी रहूगा/रहूगीं।

**दिनांक :** **प्रार्थी/प्रार्थिनी के हस्ताक्षर**

**सचिव**



**कार्यालय**
**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पाबौ**

E Mail ID-eecdpwdpaboo@gmail.com. eecdpab.pwduk@gov.in

पत्रांकः- 992/12ए0सी0 दिनांक 08/08/2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पाबौ द्वारा निम्नलिखित कार्यो की शील्ड निविदा दिनांक 27.08.2024 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.08.2024 से 24.08.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 27.08.2024 अपरान्ह्न 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाली जा सकती हैं। निविदा दिनांक 28.08.2024 को अपरान्ह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा विक्रय एवं प्राप्त करने वाले कार्यालयो के नाम :-
1. कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 12वां वृत्त लो0नि0वि0, पौड़ी। 2. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0, पाबौ। 3. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0, पौड़ी। 4. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अ0ख0 लो0नि0वि0, कीर्तिनगर।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला योजना (2024-25) के अन्तर्गत पाबौ-दमदेवल मोटर मार्ग के किमी0 17 एवं 18 में क्षतिग्रस्त दीवारों का पुर्ननिर्माण कार्य। | 18000.00 | 1000+ 18% GST | 45 दिन | 6 माह | डी एवं उच्चतर मार्ग कार्य में पंजीकृत |
| 2 | –तदैव– नौगांवखाल-तुनाखाल मोटर मार्ग पर ग्राम धल्ला में देवेन्द्र भट्ट के मकान के समीप स्लाईड जोन में पुस्ता निर्माण। | 18000.00 | 1000+ 18% GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 3 | –तदैव– चेरी बंगला, मथिगांव गामडू मोटर मार्ग के कि0मी0 प्रथम में सुधारीकरण का कार्य। | 33000.00 | 1500+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 4 | –तदैव– खण्डगांव सोलोसैण मोटर मार्ग से कनाकोट धोलाण मोटर मार्ग के मिसिंग लिंक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। | 21000.00 | 1000+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 5 | –तदैव– बिसल्ड-गोडख्या मोटर मार्ग से खतगेड गांव हेतु मोटर मार्ग के डामरीकरण का कार्य। | 42000.00 | 1500+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 6 | –तदैव– कुठखाल चिनोलीसैन कुचोली मोटर मार्ग के 4 कि0मी0 के अन्तर्गत स्कपर एवं दीवार निर्माण कार्य। | 36000.00 | 1500+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 7 | –तदैव– विकासखण्ड पाबौ में ताल बैण्ड से मंथीगांव मोटर मार्ग पर ग्राम मंथीगांव के आवासो का सुरक्षात्मक कार्य। | 30000.00 | 1000+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 8 | –तदैव– विकासखण्ड पाबौ में लो0नि0वि0 पाबौ के भण्डार गृह हेतु पहुॅच मार्ग पर सी0सी0 एवं इण्टर लॉकिंग टाईल्स का कार्य। | 21000.00 | 1000+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 9 | जिला योजना (2017-2018) के अन्तर्गत चोपड़ियूं-घण्डियालधार मोटर मार्ग के किमी0 2 क्रा0सै0 0/40 से 1/14 में पहाड़ कटान का कार्य। | 33000.00 | 1500+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 10 | –तदैव– किमी0 2 क्रा0सै0 1/15 से 1/28 में पहाड़ कटान का कार्य। | 33500.00 | 1500+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 11 | निक्षेप कार्य के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत जिला कारागार में वॉलीबाल ग्राउंड निर्माण एवं अनुरक्षण का कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 25000.00 | 1000+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 12 | राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि (एस0डी0एम0एफ0) के अन्तर्गत सैंजी-बुरांसी-कुल्याणी मोटर मार्ग के 01 है0मी0 8-10 में क्षतिग्रस्त एच0पी0 बैण्ड पर सुरक्षा दीवारों का निर्माण कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 43000.00 | 1500+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 13 | –तदैव– थलीसैण-चौंरीखाल-चिप्पलघाट मोटर मार्ग के कि0मी0 34 है0मी0 2-4, किमी0 36 है0मी0 0-2 एवं 39 है0मी0 6-8 में क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों का पुर्ननिर्माण कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 28000.00 | 1000+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 14 | –तदैव– थलीसैण-चौंरीखाल-चिप्पलघाट मोटर मार्ग के कि0मी0 41 है0मी0 6-8 क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों का पुर्ननिर्माण कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 21000.00 | 1000+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 15 | –तदैव– चपलोडी फल्द्वाडी मोटर मार्ग के कि0मी0 06 है0मी0 8-10, कि0मी0 07 है0मी0 2-4 में क्षतिग्रस्त दीवारों का पुर्न निर्माण कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 45000.00 | 1500+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 16 | वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत मिलई-कुई मोटर मार्ग के किमी0 1 है0मी0 4-6 एवं 6-8 में सुरक्षा दीवारों का निर्माण कार्य। | 11500.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |

1- निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर धनराशि एन0एस0सी0, डाकघर बचत बैंक पास बुक अथवा भारत में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में, जो अद्योहस्ताक्षरी के पदनाम से बंधक हो, लगाना आवश्यक है।
2- निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 रू0 का स्टाम्प पेपर एवं रू0 1.00 का हस्ताक्षर युक्त रसीदी टिकट हो, वैधता की शर्तों के साथ लगाना अनिवार्य है, इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया गया जायेगा।
3- उक्त निविदायें स्वीकृति की प्रत्याशा में आमंत्रित की गयी है, स्वीकृति प्राप्त न होने पर निविदा स्वतः निरस्त समझी जायेगी, किसी भी निविदा को बिना पूर्व सूचना के निरस्तीकरण/स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।
4- निविदा की शर्ते जी0पी0डब्लू0 9 निविदा प्रपत्र एम0एफ0 69/70 एवं शासनादेश संख्या 2611/111(2)07-75 सा0 दिनांक 26.10.2007 के अनुसार होगी, निविदा की अन्य शर्तें/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है।

नोटः- निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पाबौ**

# धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस, हर घर लहराया तिरंगा



कोटद्वार मलवीय उद्यान में ध्वजा रोपण करते सांसद अनिल बलूनी



कोटद्वार शिब्बूनगर स्थित कार्यालय में ध्वजारोहण करते उक्रांद कार्यकर्ता व पदाधिकारी




स्वतंत्रता दिवस पर प्रभातफेरी निकालते नवयुग पब्लिक स्कूल के बच्चे



राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज कण्वघाटी में प्रस्तुति देते विद्यार्थी



स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार की छात्राएं

## स्कूली बच्चों की ओर से क्षेत्र में निकाली गई प्रभात रैली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने प्रभात फेरी निकालते हुए विभिन्न झांकियों ने प्रस्तुति दी। कई विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को देश के स्वतंत्रता के इतिहास के बारे में बताया। वहीं, शहर की हर गली महोल्ले में स्थिति घरों की छत में तिरंगा लहरा रहा था। गुरुवार को 15 अगस्त का मुख्य कार्यक्रम मालवीय उद्यान में आयोजित किया गया, जहां सांसद अनिल बलूनी ने प्रभात फेरी की सलामी ली। अपने संबोधन में उन्होंने तिरंगा लहराते हुए युवाओं को आजादी के इतिहास के बारे में बताया। कहा कि कई महापुरुषों की शहादत के बाद आज हमें यह आजादी मिली है। इसलिए हमें देश की रक्षा को सर्वोपरी मानना चाहिए। इस मौके पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल, उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, नगर आयुक्त वैभव गुप्ता आदि मौजूद रहे। राजकीय इंटर कालेज कुंभीचौड़ में ध्वजारोहण के उपरांत विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर प्रधानाचार्य लखपत राज खुगशाल, वीरेंद्र कुमार बुड़ाकोटी, सुनीता साही, राखी देवी, नीरज कुमार, पूनम पांथरी, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे। राप्रावि बड़गांव (जहरीखाल) में विद्यार्थियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रभात फेरी निकाली। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका मंजू कपूर, नेहा मोहन, देवेंद्र सिंह नेगी, सरोजनी देवी, रीना देवी, गंगा सिंह, मदन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे। गढ़वाल पूर्व सैनिक लीग की ओर से कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर ले. कर्नल (सेवि.) बुद्धि बल्लभ ध्यानी, भास्कर प्रकाश सिंह रावत, गोविंद सिंह नेगी, राम सिंह रावत, सुनील सिंह रावत, हरीश चंद्र, आनंद सिंह नेगी आदि मौजूद रहे। गढ़वाल मोटर ओनर्स यूनियन लिमिटेड में अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर कुंवर सिंह रावत, भाष्करानंद, अर्जुन सिंह, ऊषा सजवाण, विजय पाल सिंह नेगी, मंजीत, आलोक नेगी, गोपाल सिंह रावत, राकेश डबराल, अमरपाल सिंह नेगी आदि मौजूद रहे। शैलशिल्पी विकास संगठन ने सिम्मलचौड़ स्थित अपने कार्यालय परिसर में, गौरव सैनिक बंगाल इंजीनियर ग्रुप समिति ने राजकीय प्रथमिक विद्यालय सुखरो देवी मंदिर में ध्वजारोहण किया। उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से शिब्बूनगर स्थित अपने कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर डा. शक्तिशैल कपरवाण, जगदीपक सिंह रावत, सत्य प्रकाश भारद्वाज, यशपाल सिंह चौहान, सत्यपाल सिंह नेगी, भारत मोहन काला, रामचंद्र जुयाल, रामचंद्र सिंह नेगी, ओमप्रकाश घनसेला, विनोद चौधरी, गुलाब सिंह रावत, हयात सिंह गोसाई, रामचंद्र सिंह नेगी, सतपाल सिंह नेगी आदि मौजूद रहे। शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज कण्वघाटी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्या पुष्पा धस्माना ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजु कपरवाण, उषा रावत, किरन जागरवाल, वीना शर्मा, सुमन लता, ऋतु थपलियाल, विनीता जोशी, सावित्री रावत आदि मौजूद रहे। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डीएस नेगी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। नवयुग पब्लिक स्कूल पदमपुर मोटाढांग में स्वतंत्रता दिवस पर प्रभात फेरी निकाली गई। इस मौके पर प्रधानाचार्या नीलम नेगी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर राइका कोटद्वार में प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बीएड प्रशिक्षु एवं छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पीटीए अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने विद्यालय की गृह परीक्षा के टापर छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय बाक्सिंग स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाले छात्र दीपक सिंह, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता छात्र अंशवीर सिंह तथा विभिन्न गतिविधियों के स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को इस मौके पर सम्मानित किया गया।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**कार्य का नाम:** Provision of Electronic type track based rail Gauge Face Lubricator-09 Nos. Under Sr. DEN-III/MB. जो हिन्दी समाचार पत्रों में दिनांक 15.08.2024 को प्रकाशित हुआ है, का संदर्भ लें।
उपरोक्त प्रकाशन में टेंडर संख्या **127-DRM-MB-24-25 14.08.2024** की जगह टेंडर संख्या **135-DRM-MB-24-25 14.08.2024** पढ़ा जाए।

2579/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पे एंड यूज़ एवं पार्किंग के कार्य को IREPS के माध्यम से विभिन्न स्टेशनो पर ठेके पर देने हेतु ई–बोलियाँ **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 02.09.2024 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

2576/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई–टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 138-DRM-MB-24-25, Date -16.08.2024 |
| कार्य का नाम: Provision of Electronic type track based rail gauge face lubricator (47 nos) in the jurisdiction of Sr. DEN/I/MB | |
| निविदा का प्रकार: Service | टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय: 12.09.2024, 16:00 Hrs. |
| अनुमानित लागत: 6,28,73,140.00 | धरोहर राशि: 4,64,400.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत: 10,000.00 | बिडिंग स्टार्ट तिथि: 29.08.2024 |
| ऑफर की वैधता: 60 Days | कार्य पूर्ण करने की अवधि: 06 Months |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication, दिनांक: 16.08.2024

2578/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सरकार मातृशक्ति के उत्थान एवं कल्याण के लिए संकल्पित : धामी



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में 'मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना' एवं मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चार जनपदों से आए प्रतिभागियों में से 10 सहायता समूह को रिवॉल्विंग फण्ड के रूप में 25-25 हजार रुपये, 10 समूह को सीआईएफ के रूप में 75-75 हजार रुपये एवं सीसीएल के रूप 1 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि के चेक प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने मुख्यमंत्री को रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके दीर्घायु की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें हमारे सामाजिक कर्तव्यों का भी बोध कराता है। कहा कि हमारी सरकार मातृशक्ति के उत्थान एवं कल्याण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है प्रदेश के विकास में हर कदम पर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने लक्ष्य लिया है कि 2025 तक अपनी डेढ़ लाख बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे और यह लक्ष्य जब हमने लिया था, तब लगता था यह बड़ा लक्ष्य है पर आप लोगों ने अपनी मेहनत और लगन से लक्ष्य को बहुत पीछे छोड़ दिया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से जनपदों में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, कार्यशालाओं हेतु मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता सशक्तिकरण योजना अंतर्गत 2 करोड़ 30 लाख रुपये की धनराशि की स्वीकृति प्रदान करने। क्लस्टर स्तरीय संगठन के अंतर्गत महिलाओं की व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए 15 करोड़ 40 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान करने। लखपति दीदी बनाए जाने के उद्देश्य से जो रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर हैं आरबीआई के माध्यम से मार्केटिंग प्रोडक्ट, डेवलोपमेन्ट एंड क्वालिटी कंट्रोल सेन्टर हेतु अल्मोड़ा के हवालबाग व जनपद पौड़ी के कोटद्वार में स्थापित प्रत्येक सेंटर के लिए 25 लाख रुपये की धनराशि की स्वीकृति प्रदान करने। डिजिटल एमआईएस हेतु ई-बुक कीपरों हेतु प्रथम चरण में 140 मॉडल क्लस्टर के 500 ई-बुक कीपरों हेतु टैबलेट प्रदान करने के लिए 75 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करने। राष्ट्रीय स्तर के राज्य में आयोजित होने वाले 2 सरस मेलों के लिए मैचिंग ग्रांट में प्रति मेला 11 लाख 12 हजार की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। इस मौके पर ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक विनोद चमोली, श्रीमती सविता कपूर, खजान दास, सचिव श्रीमती राधिका झा, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा नौटियाल, भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती नेहा जोशी आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं के सशक्तिकरण की चाबी बनी 'मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना'

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : उत्तराखंड में शुरू की गई मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना प्रदेश की मातृ शक्ति को सशक्त बनाने में वरदान साबित हो रही है। वर्तमान में प्रदेश की करीब 37 हजार से अधिक महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही हैं। बीते एक वर्ष में योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों ने संपूर्ण प्रदेश में 318.98 लाख का कारोबार किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की पैकेजिंग से लेकर ब्रांडिंग तक की व्यवस्था की जा रही है। बीते वर्ष रक्षाबंधन पर 24 अगस्त, 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस योजना की शुरुआत की थी। योजना का लक्ष्य महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध करना था। इसके लिए महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों की ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शनी लगाई जाती है साथ ही उत्पादों के विपणन की व्यवस्था की जाती है।

स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर (मार्केटिंग) रोहित सिंह ने बताया कि योजना के तहत अगस्त 2023 से जून 2024 की समावधि के दौरान प्रदेश के 95 ब्लॉकों में कुल 1428 स्टॉलों के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा 318.98 लाख का कारोबार किया गया। इस वर्ष भी विभाग ने प्रत्येक महीने की 25-30 तारीख के बीच ब्लॉक स्तर पर स्टॉल लगाने एवं प्रदेश में आयोजित होने वाले पारंपरिक मेलों पर स्टॉल लगाकर समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री के विपणन का निर्णय लिया है।

इस वर्ष देहरादून स्थित सचिवालय में स्टॉल के माध्यम से योजना की शुरुआत की गई है। जल्द ही प्रदेश के अन्य ब्लॉकों में भी स्टॉल लगाए जाएंगे। स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि योजना के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों की आर्थिकी में जबरदस्त उछाल आया है। वो आत्मनिर्भर और सशक्तिकरण की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही हैं।


**।। कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) ।।**

पत्रांक :- 1445 /कर अनु0/भव0ना0/2024-25 — दिनांक :- 16.08.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 365/422 उमानन्द बडथ्वाल मार्ग/स्टेशन रोड | श्री धनीष बडथ्वाल पुत्र योगेश्वर बड़थ्वाल | श्रीमती कुमुद बडथ्वाल एवं आशीष बडथ्वाल पत्नी एवं पुत्र धनीष बड़थ्वाल | उत्तरजीवी प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र |

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**
(0361/51)


### रेंजर नौटियाल बेहतर कार्य के लिए हुए सम्मानित

नई टिहरी। उत्कृष्ट कार्य के लिए टिहरी वन प्रभाग की भिलंगना रेंज के वन क्षेत्राधिकारी आशीष नौटियाल और चंबा ब्लॉक के जड़धार गांव के वन सरपंच राजेंद्र सिंह नेगी को प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) की ओर से स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया गया। वन मुख्यालय देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशभर के 63 वन विभाग के अधिकारी–कर्मचारी और वन पंचायत सरपंच और सदस्यों को उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। रेंज अधिकारी नौटियाल भिलंगना क्षेत्र में वन विभाग की योजनाओं के प्रचार–प्रसार, वनाग्नि रोकथाम, वन्य जीव संरक्षण, मानव–वन्यजीव संघर्ष न्यून करने सहित कई महत्वपूर्ण कार्य करते आए हैं।\

## जनपद में धूमधाम से मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस





पौड़ी : स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर मा. मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात प्रेक्षागृह में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री ने शहीद के परिजनों, क्रास कंट्री दौड़ में विजेता प्रतिभागियों, स्वच्छता अभियान, दुर्घटना में सहायता पहुंचाने वालों को भी सम्मानित किया। इस दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जज कोर्ट, पुलिस कार्यालय, विकास भवन सहित कार्यालयों, तहसीलों, विकासखंड़ों, ग्राम पंचायतों, विद्यालयों व अमृत सरोवरों के किनारे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ लोगों की सोच आज भी देश के प्रति सकारात्मक नहीं है। ये तो हमारे शहीद, स्वतंत्रता सेनानी और सतर्क राष्ट्रभक्तों की अनुकंपा है जिनकी बदौलत हम आजाद हैं। कहा कि देश का विभाजन धर्म के आधार पर किया गया उसके बाद हिन्दू संस्कृति के समर्थकों का पाकिस्तान में सामूहिक नरसंहार किया गया और कुछ को भारत भगा दिया गया। उस समय तक भी हिन्दू संस्कृति को मानने वाले लोगों का पाकिस्तान में 17 प्रतिशत के आस-पास अनुपात था, लेकिन सुनियोजित तरीके से इनका दमन करते हुए आज वहां बमुश्किल से इनका अनुपात 1 प्रतिशत आसपास सिमटकर रहा गया है। बांग्लादेश बनते समय भी हिन्दू संस्कृति के लोगों का जो वहां पर अनुपात था वह भी आज सिमटकर बहुत कम रह गया है और यह सब सुनियोजित साजिश से किया गया और किया जा रहा है। दूसरी ओर भारत में जनसांख्यिकीय असंतुलन पैदा किया जा रहा है। हमें ऐसे लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है, उनको पहचानने-समझने की जरूरत है साथ ही राष्ट्र की एकता, अखण्डता और राष्ट्र को विकसित बनाने की सोच रखने वाले राष्ट्र के नागरिकों को एकजुटता बनाए रखते हुए देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पाण्डेय ने कहा कि हम जहां भी हैं जिस पद पर भी हैं अथवा बिना पद के हैं हमें अपने देश के सर्वांगीण विकास में मिलजुलकर कर्मठता से योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के बलिदान, अपेक्षा और अकांक्षाओं के अनुरूप देश को मजबूत बनायें।

### एलटी लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों में होगी धारा–144

रुद्रप्रयाग। आगामी रविवार 18 अगस्त को आयोजित होने वाली अध्यापक (एलटी) के पदों पर लिखित परीक्षा चयन के लिए सभी परीक्षा केंद्रों में धारा–144 प्रभावी रहेगी। तहसील रुद्रप्रयाग के 06 परीक्षा केंद्रों में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक होने वाली परीक्षा में 1254 परीक्षार्थी लिखित परीक्षा देंगे। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष चंद्र घिल्डियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए परीक्षा अवधि में कानून एवं शांति व्यवस्था रखने तथा परीक्षा केंद्रों के बाहर व भीतर अनुशासनहीनता, धमकी, मारपीट जैसी घटनाओं के साथ ही परीक्षार्थियों को अनुचित साधन के प्रयोग एवं परीक्षा के दौरान किसी भी व्यक्ति का परीक्षा केंद्रों के निकट बिना अनुमति आने की अनुमति नहीं होगी।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. **75-W/2/3/WA/Publication** — दिनांक :**14.08.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/।।।/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 127-DRM-MB-24-25 14.08.2024 | 128-DRM-MB-24-25 14.08.2024 | 129-DRM-MB-24-25 14.08.2024 | 130-DRM-MB-24-25 14.08.2024 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मण्डल अभियन्ता शाहजहांपुर के अधीन वरिष्ठ खण्ड अभियंता/कार्य/शाहजहांपुर के खण्ड में वर्ष 2024-25 के लिए जोन कार्य जोन नं. 1 कि.मी. 1235 से 1284 (लकड़ी एवं सड़क का कार्य शामिल) सर्विस एवं आवासीय भवनों में सामान्य कार्य। | Misc. Track work in the section of SSE/ Pway /BE in BE yard & approaches under ADEN/BE. | Misc. P.Way works in c/w track maintenance in the section of SSE / Pway /RAC under ADEN/SPN. | Misc. P.Way works in c/w track maintenance in the section of SSE /Pway /SPN under ADEN/SPN. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 09.09.2024 16:00 | 09.09.2024 16:00 | 09.09.2024 16:00 | 09.09.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 94,99,576,92 | 51,99,382.56 | 74,99,928.26 | 51,99,382.56 |
| धरोहर राशि | 1,90,000 | 1,04,000 | 1,50,000 | 1,04,000 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 26.08.2024 | 26.08.2024 | 26.08.2024 | 26.08.2024 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 12 माह | 12 माह | 12 माह |

2559/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/24-25** — **दिनांक: 14.08.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल अभियंता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 132-DRM-MB-24-25 Dt. 14.08.2024 | 134-DRM-MB-24-25 Dt. 14.08.2024 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of Electronic type based rail Guage Face Lubricator - 33 Nos under jurisdiction of Sr.DEN/IV/MB. | Replacement of 10 Beds Male Barrack at RPF/post/HPU and 20 Beds Male Barrack at RPF/Post/GJL after renovation in the section of Sr.DEN-IV/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 09.09.2024 | 09.09.2024 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 4,50,19,409.40 | 35,74,229.94 |
| धरोहर राशि | 3,75,100.00 | 71,500.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 माह | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 26.08.2024 | 26.08.2024 |

2564/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79



फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com